**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**16.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन–पांच दिवसीय इस सम्मेलन में 20 देशों के शीर्ष नेता होंगे शामिल ।
- प्रदेश की 14वीं विधानसभा का बजट सत्र आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ होगा शुरू।
- मंडी का अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव आज से शुरू–सात दिवसीय इस महोत्सव में 2 सौ 16 से अधिक देवी–देवताओं को किया गया आमंत्रित।
- 108 व 102 एम्बुलेंस कर्मचारी आज शिमला में राज्य सरकार और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ करेंगे राज्य स्तरीय प्रदर्शन–सैंकड़ों कर्मी लेंगे भाग।
- भारत सरकार ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत प्रदेश में भी एक प्रतिशत आबादी को आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित करने का रखा लक्ष्य।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। 5 दिवसीय यह सम्मेलन किसी विकासशील देश में आयोजित होने वाले पहला वैश्विक ए.आई. शिखर सम्मेलन है। इसमें 20 देशों के शीर्ष नेता शामिल होंगे। प्रदर्शनी में विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के परिवर्तनकारी प्रभाव को उजागर करने और भविष्य की कार्रवाइयों पर चर्चा के लिए 5 सौ से अधिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

**विधानसभा सत्र**

प्रदेश की 14वीं विधानसभा का बजट सत्र आज से शिमला में शुरू हो रहा है। सत्र की शुरूआत राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण से होगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि पहले चरण में सत्र की 3 बैठकें होंगी और अन्य बैठकों को लेकर बाद में निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक विधायकों की ओर से विधानसभा सचिवालय को एक सौ 25 प्रश्न प्राप्त हुए हैं जिनमें से एक सौ 11 तारांकित और 14 लिखित प्रश्न शामिल हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता...

**मंडी–शिवरात्रि**

मण्डी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव आज से शुरू हो रहा है। सात दिवसीय इस महोत्सव का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री करेंगे। इस बार मेले में 2 सौ 16 से अधिक देवी–देवताओं को आमंत्रित किया गया है, जो सप्ताहभर मंडी में प्रवास करेंगे।

**पांच सौ वर्षों से देव संस्कृति की धरोहर संभाले मंडी नगर आज से अपने विश्वविख्यात अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव–2026 के विधिवत शुभारंभ के लिए पूरी तरह सज चुका है। सात दिवसीय इस ऐतिहासिक आयोजन का उद्घाटन आज दोपहर 3 बजे पड्डल मैदान में प्रदेश के उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री द्वारा किया जाएगा। उपायुक्त**

एवं मेला समिति अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने बताया कि उद्घाटन से पूर्व उप–मुख्यमंत्री श्री राज माधव राय मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे तथा महोत्सव की पहली पारंपरिक जलेब में भाग लेंगे। इस भव्य शोभायात्रा में मंडी जनपद के देवी–देवता, लोक कलाकार और हजारों श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल होंगे। महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं का शुभारंभ आज सेरी मंच पर होगा। पहली संध्या में इंडियन आइडल फेम नितिन, गायिका नेहा दीक्षित और "नाटी किंग" कुलदीप शर्मा प्रस्तुति देंगे। इस वर्ष का सबसे बड़ा आकर्षण 20 फरवरी को आयोजित अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक परेड रहेगी, जिसमें फ्रांस, अमेरिका, नाइजीरिया, तंजानिया, ताजिकिस्तान और श्रीलंका सहित कई देशों के सांस्कृतिक दल भाग लेंगे।

## एम्बुलेंस कर्मचारी

पिछले पांच दिनों से हड़ताल पर बैठे एक सौ 8 व एक सौ 2 एम्बुलेंस कर्मचारी आज शिमला में राज्य सरकार और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त ने कहा कि राज्य भर से सैंकड़ों कर्मचारी शिमला में एकत्रित होंगे। उन्होंने कहा कि ये कर्मचारी न्यूनतम वेतनमान लागू करने और उनके लिए ठोस नीति बनाने की मांग कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

भारत सरकार ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत देश के 3 सौ 50 सबसे अधिक आपदा–संभावित जिलों में एक लाख से अधिक स्थानीय स्वयंसेवकों को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी (आपदा मित्र) के रूप में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है। अधिक ब्योरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता...

हिमाचल प्रदेश में भी आपदाओं के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया के लिए पांच वर्षों में 1 प्रतिशत आबादी को आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है जिसके लिए सिविल डिफेंस एवं होम गार्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहा है। प्रशिक्षण शिविरों में स्वयंसेवकों (आपदा मित्रों) को आपदा व बचाव के लिए प्रथम मदद तकनीक से प्रशिक्षित किया जा रहा है।इस पहल का उद्देश्य स्थानीय लोगों को सशक्त बनाकर भूस्खलन, बाढ़, भूकंप और युद्ध जैसी आपदा के समय प्रशासन के पहुँचने से पहले ही स्थानीय स्तर पर राहत और बचाव कार्य शुरू करना है जिससे बचाव कार्यों में तेजी और जान–माल की हानि को कम किया जा सके। शिमला जिला भी आपदा संभावित जिला में चिन्हित है।

## राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश सरकार ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सड़क संपर्क, खेल सुविधाओं और आपदा बहाली से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कल बिलासपुर जिला के घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की लुहारवीं और फटोह पंचायतों का दौरा कर लगभग 68 लाख रूपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। धर्माणी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इन विकास परियोजनाओं के पूरा होने से स्थानीय लोगों को बेहतर और सुरक्षित आवागमन सुविधा सुनिश्चित होगी।

## अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है **आर्थिक तंगी में भी चहेते अफसरों पर सरकार मेहरबान, सेवानिवृति के बाद दे रहे पुनर्रोजगार।**

पंजाब केसरी की एक खबर है **हिमाचल विधानसभा बजट सत्र आज से, आर.डी.जी. पर गर्माएगा सदन।** दिव्य हिमाचल के अनुसार **हिमाचल विधानसभा का हंगामेदार बजट सत्र आज से, भाजपा के रूख पर रहेगी नज़र।**

मुख्यमंत्री के हवाले से दैनिक भास्कर लिखता है **मेडिकल कॉलेजों, सुपर स्पेशियलिटी संस्थानों के आधुनिकीकरण के लिए एक हजार 6 सौ 17 करोड़ रूपए मंजूर।**

मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है **प्रदेश में आज रात से सक्रिया होगा पश्चिमी विक्षोभ–17 और 18 फरवरी को पहाड़ों पर बारिश व बर्फबारी।**

**'अंत में मुख्य समाचार'' एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी का करेंगे उद्‌घाटन–पांच दिवसीय इस सम्मेलन में 20 देशों के शीर्ष नेता होंगे शामिल ।
- प्रदेश की 14वीं विधानसभा का बजट सत्र आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ होगा शुरू।
- मंडी का अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव आज से शुरू–सात दिवसीय इस महोत्सव में 2 सौ 16 से अधिक देवी–देवताओं को किया गया आमंत्रित।
- 108 व 102 एम्बुलेंस कर्मचारी आज शिमला में राज्य सरकार और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ करेंगे राज्य स्तरीय प्रदर्शन–सैंकड़ों कर्मी लेंगे भाग।
- भारत सरकार ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत प्रदेश में भी एक प्रतिशत आबादी को आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित करने का रखा लक्ष्य।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे नमस्कार।**